।।सतनाम के मानने वाले एक हो ।।

अखिल भारतीय सतनाम संस्कृति
पर
दो दिवसीय साहित्य एवं कला सम्मेलन

सन्त महापुरूषों का एक मात्र वैचारिक क्रान्ति अभियान

तिथी ः दिनांक 10 व 11अगस्त 2013 दिन शनिवार व रविवार सुबह 10 बजे से

स्थान ः सिम्बल कांप्लेक्स तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़

आदरणीय संत जनों !

जो भिज्ञ हैं वे हमारे अग्रज है और जो अनभिज्ञ है वे सभी हमारे ज्येष्ठ श्रेष्ठ है सभी आदर के पात्र है। हम कहना चाहते है कि आज पृथ्वी एक थाली नहीं वरन् प्राकृतिक सत पर टिका, अपने कील पर घूमने वाली, अण्डाकार ग्रह जो सौर्यमण्डल का एक सदस्य है जहॉ सूर्य सोलह घोड़ों के रथ पर सवार करने वाला नहीं बल्कि आग का बहुत बड़ा गोला है जो धरती से लाखों गुना बड़ा करोड़ो मील दूर है जिसे कोई हनुमान या बंदर सेव समझकर नहीं निगल सकता। पाषाण युग से चल कर वैज्ञानिक युग तक मानव समाज लंबी सीढ़ी पार कर, आज कल्पना की जगह व्यवहारिकता ने ले ली है। विज्ञान ने सारे चमत्कारों का राज खोल कर रख दिया है। अब श्रृष्टिकर्ता, अथवा नियंता जो किसी चार–मुहॉ, आठ हाथ, बहुभुजा वाले या शेर की खाल ओढ़े कोई अजूबा प्राणी के हाथ होने का भ्रम टूट चूका है और वर्तमान प्रजातांत्रिक भारत का निर्माण एवं विकास मानव प्राणी द्वारा स्वयं अपने बुद्धि और विवेक से लगातार आसमान छूने लगा है। आज चांद सूरज किसी ईश्वर नामक यंत्र का आंख नहीं बल्कि वे भी धरती की तरह एक ग्रह हैं। युग बदल रहा है अब शक्ति और भक्ति के नाम पर चल रहा राजशाही का जमाना बदल कर जन, गण, मन में विलीन हो चला है। अब कोई मंत्र या किसी यज्ञ के प्रसाद से बच्चा पैदा नहीं होता और न ही कोई भद्र महिला मुख या कान से अप्राकृतिक बच्चा पैदा करती है।

ये सब हमे उन साहित्यों से पता चलता है जो किसी निहीत स्वार्थ से किसी विशिष्ट व खास वर्ग के हित में लिखा गया है जो जन हितकारी नही प्रतीत होता। पहले नियोग प्रथा प्रचलित था पर आज विज्ञान का देन है कि ई वी एम पद्धति से कृत्रिम गर्भधान कराया जाता है। किसी संतोषी के हाथ से आज कोई आग का गोला नही निकलता, न ही कोई सुदर्शन चक्र चलाने वाला दिखाई पड़ता है ये सब काल्पनिक ब्रम्हाश्त्र

बेअसर हो गया है। तीर तरकस के बदले आज मशीन गन तोप से लेकर परमाणु बम से युद्ध होने लगे हैं जो मानव रहित विमानों द्वारा रिमोट से चलता है। आज वर्षात इन्द्र की मर्जी से नहीं बल्कि मौसम की जानकारी सेटेलाइट से होता है। केदारनाथ, अमरनाथ या स्वर्ग की सीढ़ी नापने वाले इसी धरती में खप कर राख की ढेर बन गये है और सारा भ्रम टूटने लगा है।

शिक्षा के आधिपत्य का लाभ लेते हुए भक्तिकाल के कवि लेखकों व साहित्यकारों ने रस, छन्द व अलंकार के साथ बहुब्रृहि व अतिशयोक्ति समास का उपयोग करते हुए यह भी भूल गये कि वे क्या लिख रहे है और भविष्य में इसका क्या परिणाम होगा। फलस्वरूप आज समाज में भयानक भ्रम की स्थिति व्याप्त हो गयी है। समाज को मानसिक द्वन्द में उलझाकर भयपूर्ण वातावरण पैदा करने की भरपूर शैतानी कोशिश नजर आता है। वैदिक साहित्यों में भक्ति और दासता का अनूठा मेल नजर आता है जिसमें तिल का ताड़ बनाना पालतू सामंती भाठों का काम रहा है। जहॉ राजशाही ताकत को एक तरफ बढ़ा चढ़ा कर ईश्वरतुल्य बताया गया है वही दूसरी ओर कर्मफल के आड़ में जन मानस को पशु तुल्य जीवन जीने के लिए बाध्य किया गया है ताकि भोली भाली जनता राजशाही के खिलाफ विद्रोह न कर सके। आजादी के **66** साल बाद आज भी जनता को मुॅह पेट में व्यस्त रखते हुए उनकी आवाज को दबाने का भरपूर कयास नजर आता है ताकि जनता स्वेच्छा से दासता का जीवन जीने में तत्पर रहे। अतः प्राचीन वैदिक साहित्य पथ प्रदर्शक न बनकर शोषकों का औजार दृष्टिपात होता है जिसमें सामंती, पुरोहित व व्यापारी तीनों वर्ग लाभान्वित होते नजर आते है। हमें ऐसे साहित्यों से सबक लेते हुए समाज को सजग करना होगा।

यह जानते हुए कि अंधेरे कोठरी में काली बिल्ली नही है फिर भी उसे ढूढ़ने की प्रयास में कुछ लोग निरंतर लगे हुए है। दिन भर कड़कते धूप व बरसते पानी में भींगते हुए पेट की भूख मिटाने में जनता का सारा खून सूख गया फिर भी अगले जनम को सफल बनाने की होड़ में, इस जनम को नरक की गर्त में डाले हुए, कल्पना की दौड़ में भूईया नापते –नापते न जाने कितनी पीढ़ियॉ बीत गयी, किसी ने उस नियंता को न तो अब तक देख पाये और न ही कोई वहॉ पहुॅच पाया। मृगतृष्णा से कभी प्यास बुझा है। केवल मन की ऊॅची उड़ान भरते हुए चारों धाम घूमने के बावजूद कहीं भी मन को शांति नहीं मिल पायी और वापस थक हार कर अपने किस्मत को कोसते रहते हैं। शक्ति की भक्ति में नवराता, जगराता करते शदियॉ बीत गई, हम वहीं के वहीं रह गये और पूंजीपति, व्यापारी व पुरोहित वर्ग लोटा लेकर आये और आज दिन दुगुना रात चौगुना माला माल होते जा रहे हैं। यह कैसी विडंबना है कि मूर्ति पूजा की विरोध करने वालों की ही मूर्ति लगाकर उन्हें ही पुरोहिती जाल में फॅसा दिया जाता है। ये कैसा संस्कृति और सभ्यता है जहॉ चारों ओर शोषण ही शोषण है और इनसे निजात पाने का कहीं कोई रास्ता नहीं सूझता।

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। प्रकृति पल पल बदल रहा है आज जो हम देख रहे हैं यह जरूरी नही कि कल भी वह हमें उसी रूप में दिखाई देगा। हमें इस परिवर्तन को समझने के लिए सत–चेतना की आवश्यकता है। हमें चित से चेतना तक और चेतना से प्रबुद्ध की दिशा में वक्त के साथ लगातार बढ़ते रहना है। आज हम **21**वी शदी के आधुनिकवाद के दौर से गुजर रहे है। आने वाला कल इससे भी ज्यादा प्रगतिशील होगा। आज विश्व प्रगतिहासिक युग के दौर से गुजर रहा है और दुनिया छोटे से ग्लोब में सिमट कर रह गयी है। मोबाइल, कंप्यूटर, टेलीवीजन व आधुनिक आवागमन के साधन ने विश्व को एक छोटा सा गोला बना दिया है। हमारा भारतीय समाज अभी शदियों पीछे है और रूढ़िवाद व वैदिक कर्म—काण्ड के आड़ में अज्ञानता और अन्धविश्वास के काले साये से ग्रसित शोषण का शिकार बना हुआ है। मानवता आज दानवता के हाथों कराह रही है। चारों ओर पुरोहितवाद का शिकंजा कसा हुआ है। हर तरफ धर्म मानव कल्याण के बदले धंधा व व्यापार बन गया है। पाप– पुण्य, स्वर्ग –नरक, करम– धरम के भेड़ चाल व चकाचौंध में कोई भी रास्ता साफ दिखाई नहीं पड़ रहा है।

महामानव बुद्ध, संत कबीर, गुरू नानक, संत बीरभान, संत जगजीवनदास, गुरू घासीदास, महात्मा ज्योतिराव फूले से लेकर डा. भीमराव अम्बेडकर तक सबने दुखी मानवता की चीख– पुकार अपने कानों से सुना है। सबने जगह– जगह दुखी जनता को अपने –अपने तरीके से एक मात्र निर्वाण व मुक्तिपथ सतनाम चेतना की ओर ले जाने का अथक प्रयास किया है। आज हम सब उनके चीर रीड़ी है जो तत्कालिन रूढ़िवादी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करते हुए, आत्मा– परमात्मा और पुनर्जन्म को नकारते हुए स्वर्ग –नरक जैसे कर्म काण्ड व अंधविश्वास से दूर मानव समाज में नव चेतना जागृत कर उनको लगातार ऊपर उठाने का प्रयास करते रहे हैं। हमें मानवता का हितग्राही उन सभी बिन्दुओं का संकलन करना होगा।

सतनामियों का गौरवशाली इतिहास ः

यह भी एक ऐतिहासिक सत्य है कि सन्त कबीर की अगुआई में रूढ़िवाद, अन्धविश्वास और कर्मकाण्ड के विरूद्ध चला सतनाम व सतनामी आन्दोलन शदियों से जुल्म ज्यादती व अन्याय अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष रत रहा है चाहे **1672** में औरंगजेब द्वारा जजिया लगाये जाने के खिलाफ उदयसिंह उर्फ उदादास के नेतृत्व व संत बीरभान व जोगीदास की अगुआई में सतनामी विद्रोह हो या फिर छत्तीसगढ़ में गुरू घासदिास द्वारा सूबेदारी प्रथा व पिंडारियों द्वारा लूटपाट का विरोध हो, सतनामियों ने हमेशा सिर उठाकर जीना सीखा है।

इतिहास साक्षी है कि औरंगजेब के साथ युद्ध करते नारनौल से मथुरा तक **5000** से ज्यादा सतनामी शहीद हुए थे आज भी साध सतनामी होली के बदले उन शहीदों की याद में फाल्गुन शुक्ल पक्ष चौदस से चैत्र कृष्ण

पक्ष द्वितीय, चार दिन तक भण्डारा के साथ सतनाम का जाप करते वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। प्रत्येक पूरनमासी को भी भण्डारा होता है। महाकोशल की राजधानी सिरपुर बौद्धकालीन ज्ञान केन्द, गौरवशाली हैहैय वंशी काल, बलिदानी राजा गुरू बालकदास, शहीद बीरनारायणसिंह, शहीद गेंदसिंह मारिया विद्रोह, मा. नैनदास व नकुल ढिढ़ी आदि इस बात का सबूत है कि यहॉ के वीर सपूतों ने हमेशा अन्याय – अत्याचार के विरूद्ध संघर्षरत समाज को हमेशा गौरवान्वित करते रहे है। अतः हमें घृणा के बदले अपने बुजुर्गो के बताये रास्ते भाईचारा में चलकर प्रेम व आदर का संदेश जन जन को देना होगा ताकि सबको समाहित कर भारत भूमि को सतनाममय बनाया जा सके।

हमे अपना इतिहास स्वयं लिखना होगा ः

आपको यह जानकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि आज सतनाम साहित्य के श्रृजन में पूर्वाग्रह से ग्रस्त हाथों के कलम का कमाल नजर आता है जो अपने प्रादूषित विचारधारा से ऊपर नहीं उठ पाये और निर्मल सतनाम संस्कृति को जातिवादी कलम से पोतने का प्रयास किया गया है। एक तरफ तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश करने का भरपूर कोशिश नजर आता है तो दूसरी ओर संत महापुरूषों के विचारधारा व आंदोलन को उल्टी दिशा में मोड़ने का कयास भी स्पष्ट नजर आता है। यह जानते हुए कि मजहब और सांप्रदायिकता से ऊपर, सतनाम संस्कृति किसी भी तरह का विभेद को जड़ से नष्ट करते हुए समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के साथ मानवीय मूल्यों को हमेशा ऊपर उठाने में कटिबद्ध है।

सतनाम संस्कृति कर्म—काण्ड के बदले कर्तव्य बोध का पाठ पढ़ाती है ताकि प्रेम और भाईचारा की धारा, इस पावन धरा पर अविरल गति से प्रवाहित होता रहे और मानव समाज सहज रूप से तनाव मुक्त, शोषण रहित, सरल जीवन यापन कर सके। "हम वासी उस देश के जहॉ जाति वरन कुल नाही, शबद मिलावा होयगा देह मिलावा नाहीं।" अतः हमारा सतनाम साहित्य का प्रथम प्रयास भ्रम विनाश की दिशा में होना चाहिए ताकि भय मुक्त समाज की स्थापना हो सके। हमे आस्थावान से ज्यादा श्रद्धावान साहित्य का सृजन करना होगा जिसमें भावना के बदले तर्क पूर्ण जीवन सिद्धान्त को अधिक महत्व मिले जो हमारे संत महापुरूषों व गुरूओं के वाणी से प्रतीत होता है। आज समय की आवश्यकता है कि सन्त गुरूओं के जीवन दर्शन के साथ वाणियों का विस्तार, सापेक्ष व निरपेक्ष या श्रोता व भोक्ताभाव सभी पहलुओं को ध्यान में रख कर किया जाना चाहिए जो कल्पना से ज्यादा व्यवहारिकता की ओर समाज को मोड़ता हो।

ऐसे तो सतपथी होना कठिन काम है वह भी जब हम झूठे चमत्कार के पायदान पर बैठे होते हैं अतः यदि हम मानव समाज का कल्याण चाहते हैं तो काल्पनिक जगत के बदले हमें व्यवहारिक दुनिया में निवास

करना होगा, शोषण मुक्त मानव हितकारी समाज व्यवस्था का निर्माण करना होगा। हमें इसी धरती को ही स्वर्गतुल्य बनाना होगा। हमें शोषण के विभिन्न तरीकों का बरीकि से अध्ययन करना होगा ताकि उसे जड़ से समूल नष्ट किया जा सके। हमारे विचार, सिद्धान्त व नीति– नियम सहज और सरल होना चाहिए ताकि साधारण से साधारण आदमी उसे आसानी से ग्रहण कर निर्वाह कर सके। समाज को हर दिशा में आत्मनिर्भर बनाना होगा ताकि वे अपनी गाढ़ी कमाई की सूखी रोटी में अपना अमन चैन ढूढ़ सके।

हम जानते हैं कि गुलामों का कोई साहित्य नहीं होता।आज इन सारी तथाकथित इतिहास को भी जानने की जरूरत है। आज हमें अपनी लेखनी का इस्तेमाल करते हुये समाज द्वारा संपादित कार्यक्रमों का लिपी बद्ध करना भी जरूरी है, ताकि अगली पीढ़ी को सीख व सबक मिलता रहे। आज हमें सभी संत गुरूओं के जीवन दर्शन के साथ गुरू पर्व **18** दिसम्बर व गुरू बालकदास जी के बलिदान दिवस **28** मार्च को भी रेखांकित करने की जरूरत है ताकि समाज में नव चेतना प्रवाहित हो सके।

दुनिया में सतधर्म ही मानव का मूल धर्म है शेष सभी मजहब ः

आइये आज हम सत को सहज व सरल तरीके से परिभाषित करने की प्रयास करें। "सत्य आभूषण जानिये सत जीवन व्यवहार, प्रेम दया करूणा क्षमा विनय शील सत सार।" सतधर्म ही मानव का केवल एक मात्र धर्म है शेष मजहब व संप्रदाय है जो केवल अपना और अपने स्वार्थ तक सीमित है। सतधर्म बिना किसी विभेद के सभी जीवधारी प्राणियों पर बराबर लागू होता है और उसके व्यवहार से मन में शांति उत्पन्न होती है। हर व्यक्ति जन्म से सतनामी ही है क्योंकि वह प्रेम, दया करूणा की भावना से ओत प्रोत होता है केवल संसर्ग के कारण विकार उत्पन्न होते हैं और बाद में सांप्रदायिक ताकतों के इशारे पर वे मजहबी बन जाते हैं। वहीं घृणा व विद्वेष के साथ जाति– पाति व सांप्रदायिकता की जहर मनुष्य को ईष्यालु, गुस्सैल, विषैला व खतरनाक हिंसक प्राणी बना देता है। यही, वह असत मार्ग है जो अपने –पराये की पाठ पढ़ाकर विभेद पैदा करती है, अधर्म है। अतः प्रेम व भाईचारा के साथ, सतनाम का अमृत पिलाकर, मानवता का संदेश जन जन तक पहुँचाये ताकि यह धरती खुशहाल व प्रगतिशील हो सके।

विचारधारा ही परिवर्तन की दिशा तय करती है।आज भी मूलतः यहॉ के बहुसंख्यक मूलनिवासियों का विचारधारा एक ही है चाहे वे संत कबीर, गुरू घासीदास, गुरू नानक, गहिरा गुरू या बुढ़ादेव का कोयपुनेम, सब सतनाम के मानने वाले है। दुनिया में सतनाम केवल एक और एक ही है।सतनाम अपने आप में एक कान्तिकारी शब्द है इसे हमें समझना होगा। जहॉ –जहॉ सतनाम का पदार्पण हुआ वहॉ वहॉ क्रान्ति का बिगुल बजा है। सतनाम में वह शक्ति है जो धरती पर रहते हुए परलोक का सपना देखने वालों को जमीन

की सच्चाई पर खींच लाती है। इस लोक में रहते हुए सत्य मार्ग पर चलना अपने आप में एक चमत्कार है। अतः आप कितना आगे बढ़े है वह उतना महत्व नहीं, महत्व इस बात का है कि आप किस दिशा में आगे बढ़े है।

वैचारिक मतभेद का अन्त करना भी सतनाम साहित्य का मकसद होना चाहिए

आप सभी जानते है कि छोटी छोटी बातों में अकसर वैचारिक मतभेद हुआ करते है। महामानव बुद्ध के प्रचारक भिक्षु संघ हीनयान और महायान में विभक्त हो गये थे। महाबीर जैन के अनुयायी श्वेतांबर और दिगम्बर में बंट गये। ईशा मसीह के मानने वाले कैथलिक और प्रोटेस्टेंट के नाम से जाने जाते हैं। मोहम्मद पैगम्बर के मानने वाले शिया और सुन्नी में विभाजित हैं। वैदिक लोग भी शैव- साक्त से लेकर न जाने कितने भागों में बंटे हैं, कोई श्वेत पूजा करता है तो किसी का हाथ रक्त रंजित रहता है। सभी अपनी विचारधारा को सर्वोत्तम बताने में होड़ लगा रहे है। आपस में छोटे छोटे मजहब व संप्रदाय में बंटे एक दूसरे को मरने मारने में उतारू रहते है। लेकिन दुनिया में सत मार्ग और सतनाम केवल एक और एक ही है सभी अंततः इसी दिशा में मुड़ते नजर आते है।

जाति और मजहब से ऊपर उठकर संत महापुरूषों की श्रद्धा व आदर करना हमारी परंपरा रही है। यही कारण है कि समय- समय पर महामानव बुद्ध से लेकर संत कबीर, गुरू घासीदास व गुरू बालकदास सबने इस पावन भूमि पर प्रेम व भाईचारा के साथ सतधर्म का संदेश देते हुए सतनाम संस्कृति का बीजारोपण कर नव चेतना पैदा करने का प्रयास करते आये है। करमा माता व गहिरा गुरू के सत संदेश व सतपथी कोयापुनेम इसी धरती पर पल्लवित हुआ है जिसे आज भी यहॉ के मूलनिवासी बड़े श्रद्धा के साथ अनुशरण करते हैं। आज ये सब के सब हमारे श्रद्धा के पात्र है।

सतनाम संस्कृति को कला और साहित्य का संगम बनाना होगाः

यह भी सर्व विदित है कि भारत की प्राचीनतम नाग- द्रविड़ सभ्यता कला और संस्कृति में उत्तम रहा है लेकिन शिल्प कला के साथ कृषि में प्रवीण खासकर छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आदिकाल से द्रविड़ संस्कृति में महारथ, प्रकृति के पूजारी रहे हैं। रूढ़िवाद व अंधविश्वास से कोसों दूर यहॉ के मुख्य पर्व एक तरफ प्रकृति के बिल्कुल करीब, कृषि और फसल से ही संबंधित हरेली, भोजली, तीजा, पोला, नवाखवाई, विजयदशमी मे गढ़ तोड़ने की परंपरा, जेठौनी, छेरछेरा आदि है। वहीं स्त्री- पुरूष की सहभागिता के साथ सुआ, गेंड़ी, गौरा, करमा, पंथी, राउतनाचा, डंडा, शैला आदि मनोरंजन व कला के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहॉ की मूल संस्कृति प्रेम व भाईचारा पर आधारित रहा है। समयोपरांत कुछ स्वार्थी व सांप्रदायिक ताकतों

ने यहॉ के सौहाद्रपूर्ण वातावरण को दूषित कर नस्ल, रंग व वर्ण भेद से भी खतरनाक जाति भेद का जहर घोल दिया। अशिक्षा के कारण लोग जाति और उपजाति में बंटे गुलामी का जीवन जीने को मजबूर है। यह जातिवाद का परिणाम है कि यहॉ समस्त बहुसंख्यक पिछड़ी जातियॉ, आपसी मतभेद के कारण चन्द पूंजीपति व शोषकों के गुलाम हैं। प्रेम –भाईचारा के साथ सखी– मितान महाप्रसाद का गढ़, आज करम— काण्ड के आड़ में रूढ़िवाद और अन्धविश्वास से जकड़े जातिवाद का गढ़ नजर आता है। रूढ़िवाद के साये में दिन प्रतिदिन लोग अपनी मूल प्राकृतिक संस्कृति को भूलते जा रहे है।

यह कैसी बिडंबना है कि देवी– देवताओं के भगदड़ के बीच, यहॉ लोग दुखी व भूखे– नंगे सोने में मजबूर हैं। शिक्षा का स्तर निम्न से निम्नतम होता जा रहा है आठवीं कक्षा के छात्र ठीक से मात्रा को भी नहीं जान पा रहे हैं भला वे प्रतिश्पर्धा के दौर में कहॉ टिक पायेंगे। पलायन लगातार जारी है, लोगों के पास पेट भरने को दाना नहीं, पर शोषक वर्ग भोले –भाले आम आदमी को धरम– करम के बहाने, कर्मकाण्ड के चक्कर में उलझाकर, चारों धाम की यात्रा की वाहवाही जरूर ले रहे है, साथ ही सत्ता के गलियारे में ठगी –व्यापार व लूट– पाट का धंधा भी आराम से चला रहे हैं। जनता को जगाने के लिए साहित्य और कला के माध्यम से इन सबका चित्रण जरूरी है।

हम अपनी साहित्य व कला के अभाव में बाजार की सड़ी गली परंपराओं से गुजारा करते है जिससे समाज प्रादूषित हो रहा है। यदि मानसिक प्रादूषण से बचना है तो उचित साहित्य का निर्माण करना होगा तथा हमे बार– बार मिलते जुलते रहना होगा, ताकि प्रकृति के अनुरूप हम अपना प्राचीन सतनाम संस्कृति को सुदृढ़ बना सके। संगठित समाज के लिए हमें वैचारिक एकरूपता स्थापित करना होगा ताकि हम अपना हक और हुकुमत हासिल कर सकें। हम सत्ता में निर्णायक भूमिका अदा कर सकते है। साथियों सोचिये ... ।

मान और सम्मान हासिल करना जरूरी हैः

प्रजातंत्र के **62** साल बाद भी वर्तमान खड़ी विषमतावादी समाज व्यवस्था के कारण मानवीय मुल्यों के साथ कुठाराघात हो रहा है। एक व्यक्ति का एक वोट है और एक वोट का एक मूल्य है लेकिन सीढ़ीनुमा समाज व्यवस्था के कारण एक व्यक्ति का एक मूल्य नहीं है। कुर्मी समाज में पैदा हुए छत्रपति साहू जी महाराज ने कहा है – *"भारत में विधाता की भी जाति होती है। समस्या का जड़ जाति है इसलिए हर समस्या का हल जाति से प्रारंभ होता है। जब तक जातियॉ रहेंगी देश दरिद्र, बुद्धिहीन और गुलाम रहेगा। भारत की उन्नति जल्दी या देर से होगी यह जाति भेद के नष्ट होने पर निर्भर करता है। ब्राह्मणों का जन्म सिद्ध अधिकार समाप्त होना चाहिए। मैं अपना स्पष्ट विचार रखता हूँ मुझे कुछ डर नहीं।"* यहॉ की समाज

व्यवस्था **6000** जातियों में बंटा हुआ है। कुछ लोग वर्ण और जाति दोनों के आधार ऊपर बैठे सम्मानित होते हैं तो कुछ लोग सबसे नीचे दबे अपमानित होते हैं। जो नीचे बैठा है वह ऊपर वालों की बोझ से दबा जा रहा है, जो बीच में है वे पीसे जा रहे है। चालक लोगों ने अपनी वर्ण और जाति दोनों को एक रखा है ताकि वे संगठित रहें। वास्तव में जातियॉ केवल शूद्रों के लिए है ताकि ये हमेशा विभाजित, आपस में लड़ते कमजोर रहें। इस व्यवस्था में ऊपर से नीचे की ओर अपमानित होते जाते है और वहीं नीचे से ऊपर की ओर मान- सम्मान बढ़ते जाता है। अतः जिनको इस व्यवस्था से लाभ हो रहा है ऐसे लाभदायी वर्ग यथास्थिति बनाये रखना चाहते हैं वे इसे बदलना नहीं चाहेंगे और न ही वे बदलने की कभी बात करेंगे। लेकिन जिनको हानि हो रहा है वे कब तक चुप बैठेंगे।

हमारे गुरूओं ने सतनाम आन्दोलन चलाकर इस जातिवादी व्यवस्था को जड़ से समाप्त करने की कोशिश की। भारत के अन्य प्रांतों में सतनामी कोई जाति नहीं है यह विशुद्ध विचारधारा है लेकिन छत्तीसगढ़ में यह एक जाति विशेष में सिमट कर रह गया है। यह कैसी विडम्बना है कि संत कबीर, गुरूनानक संत बीरभान, संत जगजीवनदास व गुरू घासीदास के सतनाम आन्दोलन जो प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है ऐसे उत्तम विचारधारा के लोगों को हेय दृष्टि से देखा जाता है। सत की बात करने पर घृणा किया जाता है वहीं असत की पूजा होती है। घृणा और विद्वेष फैलाने वाले लोग स्वयं को उच्चवर्ग कहने में शर्मिंदगी भी महशूस नहीं करते। वे घृणा दें और हम प्रेम दें। साहित्य के माध्यम से हमें आपसी विभेद को समाप्त कर प्रेम और भाईचारा के साथ समता और सम्मान के लिए विषमतावादी व्यवस्था के खिलाफ एक जुट होकर संघर्ष का सूत्रपात करना होगा ताकि हम अपना मानवीय अधिकार मान और सम्मान के साथ अपना हक और हुकुमत वापस ले सकें। अतः सतनाम के मानने वाले एक हों।

हक और हुकुमत के लिए संघर्ष जरूरी ः

जिस तरह का अधिकार चाहिए उसी तरह का संघर्ष करना होगा। हक और हुकुमत के लिए संघर्ष जरूरी है। साहित्य सांघर्ष का पथ प्रदर्शक बन सकता है। गुरू घासीदास जी द्वारा सन् **1820** से **1830** तक सतनाम आन्दोलन के तहत चलाये। उनके ***बौद्धिक क्रान्ति*** (Intelectual War) का ही परिणाम है कि सन् **1825** में पहली बार अंग्रेज शासकों द्वारा शिक्षा का द्वार सभी वर्गो के लिये खोला गया। पिण्डारी प्रथा से समाज को मुक्त कर **700** से ज्यादा गांव के जमीनदार रहे। सूबेदारी प्रथा को समाप्त कर गुरू बालकादास जी को राजा गुरू की पदवी से नवाजा गया और छत्तीसगढ़ के गांव गांव में सभी समुदाय के लोग सतनाम आन्दोलन में शामिल हुए। समाज को संगठित करने के लिए *आदरणीय नकुल ढीढ़ी* **जी** पहली

बार ***18 दिसम्बर सन् 1938*** को अपने ग्राम भोरिंग (महासमुंद) में गुरू घासीदास जयंती का शुरूवात किये। उन्होंने ***सन् 1961*** **में** फागुन शुक्ल पंचमी, छठमीं सप्तमी को तीन दिवसीय **गिरौदपुरी मेला** का शुरूवात कर समाज को एक सूत्र में पिरोया है। इनके अलावा अन्य गुरूओं, राजमहंतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विभिन्न संगठनों के माध्यम से अपने अपने तरीको से प्रयास किये हैं, वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं, भुलाया नहीं जा सकता। संत, ग्रंथ व पंथ के निर्माण में साहित्य के माध्यम से समाज को संगठित करना समय की आवश्यकता है जिसके लिए त्याग व बलिदान की आवश्यकता है। त्याग की भावना पैदा करने के लिये, **गुरू बालकदास जी के बलिदान** को जन जन तक प्रचारित व प्रसारित करना अत्यंत जरूरी है। सतनाम के पुरोधा, सरहा और जोधाई की बीरता जो जंगे मैदान में गुरू बालकदास के साथ शहीद हो गये उन्हें कोटि कोटि नमन! *कर्नल इग्नू के शब्दों में ः-* अगर गुरू बालकदास जी **10-15** साल और जिंदा होते तो संपूर्ण छत्तीसगढ़ सतनाम–मय होता। हमें उनका अधूरा सपना को पूरा करने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ व भारतभूमि को सतनाम–मय बनाना है ताकि हर बच्चा– बच्चा प्रेम और भाईचारा के साथ शोषण रहित समाज व्यवस्था के निर्माण में भागेदारी बन सके।

भविष्य की चुनौती के लिए नवयुवक वर्ग हमेशा तैयार रहें ः

सत– पथ पर चलने वालों को विषमतावादी *सांप्रदायिक ताकतों* से सदैव चुनौती मिलता रहेगा और हमें इसके लिए हर पल तैयार रहना होगा। गुरू बालकदास जी की बलिदान सबसे बड़ी चुनौती का उदाहरण हमारे सामने है। वे रावटी लगाते तत्कालीन ब्याप्त *विषमतावदी समाज व्यवस्था, अन्याय– अत्याचार* आदि के खिलाफ *समता, सम्मान एवं भागीदारी के साथ, प्रेम और भाइचारा* का संदेश देते हुए गांव –गांव में सतनाम आंदोलन चलाये। फलस्वरूप पूरा गांव के गांव की जनता, सारे भेदभाव को त्यागकर, सतनाम आन्दोलन में शामिल होने लगे। इस आन्दोलन से जातिवादी व्यवस्था चरमराने लगी और शोषक वर्ग व सामंती ताकतों में खलभली मच गयी। लेकिन सतनाम के पुरोधा निर्भिक तनिक भी नहीं झुके बल्कि जनेऊ और तलवार धारण कर तत्कालिन रूढ़ीवादी खड़ी व्यवस्था पर कठोर प्रहार किया। सती प्रथा के विरोध में नारियो को सम्मान और बराबरी का हक दिलाने हेतु जन चेतना अभियान चलाये फल्स्वरूप अंग्रेजों द्वारा सन् **1829** में सती प्रथा को प्रविंधित करना पड़ा और गुरू बालकदास जी को **राजा गुरू** की पदवी से नवाजा गया। सतनाम आन्दोलन अपने पटरी पर तेज गति से चलने लगा, वहीं रोक पाने में असफल सामंती शोषक सवर्णों द्वारा गुरू बालकदास की हत्या का षडयंत्र होने लगा और **28** मार्च **1860** में गुरू बालकदास की औराबांधा में निर्ममतापूर्वक हत्या कर दिये। सतनाम के पुरोधा सतनाम आन्दोलन में अपने अंगरक्षक

सरहा और जोधाई के साथ शहीद हो गये। आप सबको शत शत प्रणाम ! इससे संपूर्ण मानव समाज को सबक लेने की जरूरत है।

सामाजिक लहर व वैचारिक एकरूपता के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। हमे अपनी ताकत को पहचानना होगा और विघटनकारी, कट्टरपंथी, सांप्रदायिक ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लेना होगा। बिकाऊ समाज के बदले टिकाऊ समाज बनाना होगा। हमें केवल वैचारिक एकता स्थापित करना होगा समाज अपने आप संगठित हो जायेगा। हमें गुरू बालकदास का सपना साकार करने का संकल्प लेना होगा।

अतः हमारा उद्देश्य ः

हम एक ऐसे सतनाम पन्थ का पुनर्निर्माण करेंगे, जो हमारे **'मान सम्मान की रक्षा'** के साथ 'हमारे पर-निर्भरता का अन्त' करते हुए उचित नेतृत्व के साथ **'मानवीय मूल्यों'** में निरन्तर बृद्धि करते हुए **'सर्वांगिण विकास'** की ओर उन्मुख हो।ताकि **आत्म-सम्मान** की रक्षा के साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ व भारत देश का सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास सम्पन्न हो सके और सर्वांगिण विकास की दिशा तय हो सके। संत, ग्रंथ और पन्थ के निर्माण में हमारा उद्देश्य सर्वोपरि होना चाहिए।

हमे गुरूओं के इन अमरवाणियों का विस्तार करना होगा ः

1 . मरे के बाद पीतर मनाय हर मोला बैहा कस लागथे।
2 . तैंहर अपनेच भाई ल खाबे।
3 . तोर पीरा हर ओतकेच अकन आय, जतका मोर आय। कोनो जीव ला झन मारबे।
4 . तोर दाई दाईच ये, त मोरो दाई दाईच ये। दाइ हर दाइ आय।
5 . मुरही गाय के दुध ला झन पीबे। अऊ भैंस ला नागर झन जोतबे।
6 . एक धूबा मारे तेनो, तोर बराबर आय। अर्थात एक गर्भ (का बच्चा) शिशु भी तुम्हारे समान है।
7 . दान के लेवैया पापी, दान के देवैया पापी।
8 . भगवान के नाम पर पान, परसाद, नरियर, सुपारी चढ़ावन हा ढोंग आय।
9 . मोर हा तो संत के (तोर) आय, तोर हा मोर बर किरा आय।
10. करिया हो के गोरिया हो, ये पार के हो के ओ पार के हो, मनखे हर मनखे आय।
'सबो मनखे एक बराबर हैं।'

11. तोर ला संत खाही, संत के ला तैहर खाबे, नहीं तो सतनाम ला छोड़ देबे।
12. तोर भगवान हर भगवान नोहय, मोर भगवान हर भगवान(अपन घट) आय,

तोर भगवान एक बहेलिया आय।

13. गिआन के पंथ, किरपान के धारा अर्थात ज्ञान मार्ग दोधारी तलवार है।
14. पढ़ ले , सुन ले, मूंदे केला मूंद ले, जेहर नई मुंदावय तेन ला कहिबे झन।
15. अवईया ला रोकौं नहीं जवईया टोकौं नहीं।
16. मोला देख, तोला देख, बेरा देख कुबेरा देख, जौन कछु हावय, तौन ला बॉट बिराट के खा लेव।
17. सबो सन्त एक बरोबर। जे ज्ञान दीही ते ज्ञानी जे निन्दा करही ते अभिमानी।
18. मोर सन्त मन मोला काकरो ले बड़े झन कइहा। नई तो मोला हुदेसना मा हुदसे कस लागही।
19. मन्दिर मस्जिद बनई हर मोर मन नी आय । तोला बनाए बर हे त तरिया बना, दरिया बना, कुआ बना, धरमशाला बना, अनाथघर बना, दुर्गम ला सरल बना।

चर्चा के मुख्य बिन्दु ः इन विषयों पर कृपया अपना लेख व विचार अवश्य प्रस्तुत करें

1 सतनाम क्या है ? सतनाम और भौतिक जगत
2 भारत में सतनाम अंदोलन की शुरूआत कब और कैसे ?
3 सन्त गुरूओं का जगह जगह सतनाम आन्दोलन स्वरूप व प्रभाव
4 सतनाम कला और साहित्य का समन्वय जरूरी क्यों ?
5 भ्रम विनाश जरूरी क्यों ?
6 सतनाम संस्कृति उत्तम जीवनशैली
7 धर्म मजहब व संप्रदाय क्या है ?
8 धर्म व अधर्म क्या है?
9 सतनाम धर्म या सतधर्म क्या है?
10 आओ इस धरती को स्वर्ग बनायें
11 सतनाम संतों के उपदेश व कार्य
12 चित से चेतना व बौद्धिक चेतना तक
13 सतनाम आन्दोलन और गतिशीलता का सिद्धान्त
14 सन्त ग्रन्थ और पन्थ के साथ सतनाम सतसंग की प्रासंगिकता

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सामाजिक शुभचिंतकों का सहयोग प्रार्थनीय है।

साभार समर्पित

टी आर खुंटे

चेयरमेन स्वागत ट्रस्ट

प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक– **16 07 2013**

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** में **493** वें गुरू वंदना के अवसर पर

"टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम संपन्न"

TIPS Of THE FIELD PROGRAMME HELD

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** भिलाई में **15** जुलाई **493** वें गुरू वंदना के अवसर पर श्री विशाल दास बंधे जी , सेवा निवृत वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ने " भ्रम से जुड़ी अवसर एवं चुनौतियॉ " विषय पर अपने अनुभव के टिप्स प्रदान किये ।उन्होंने बताया कि "जीवन भ्रम का जाल है " इसे कोई भी नकार नहीं सकता ।पग पग पर छोटे से बड़े भ्रम का सामना करना होता है ।इतना तो जरूर है कि किसी भी क्षेत्र में जानकारियों का अभाव ही भ्रम को जन्म देता है ।भ्रम से आमतौर पर आपसी संबंध खराब तो होता ही है , छोटी से बड़ी दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है ।पति-पत्नी के बीच भरम-भूत बड़ी ही प्रचलित शब्द है । इस भरम-भूत के चक्कर ने न जाने कितने ही पति-पत्नी के आपसी जीवन को तबाह कर दिया है । आज भी तबाही रूकते नजर नहीं आ रहा है , इसका रूप जरूर बदलते आ रहा है।भरम-भूत का चक्कर सर्व व्याप्त है।जाति-धरम, अमीर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित सभी में पति-पत्नी के बीच किसी न किसी मात्रा में भरम-भूत का छाया अवश्य देखने को मिलता है ।भ्रम व भय का चोली दामन का रिस्ता होता है ।जहॉ जहॉ भी भ्रम होगा , भय का छाया भी अवश्य मिलेगा ।इस तरह भ्रम की स्थिति बेहद खतरनाक होती है ।

अज्ञान व अंजान भ्रम का समानुपाती होता है ।इतिहास बताता है कि भारत देश में बहुसंख्यक वर्ग को सदियों से अज्ञान व अंजान रख कर , उनको भ्रम की स्थिति में जीने पर मजबूर किया गया था ।इस तरह कुछ चालाक लोगों ने भ्रम के जरिये अपने लिये अवसर की व्यवस्था किये थे ।सदियों तक इस अवसर का लाभ उठाते रहे हैं ।निः संदेह आज भी ऐसे चालाक लोगों के पास बेहतर अवसर है ।भ्रम के शिकार लोगों के पास सदियों से चुनौतियॉ ही चुनौतियॉ रही है ।मानवतावादी संतों व महात्माओं ने इस चुनौतियों को स्वीकार किया ।भ्रम के शिकार लोगों को आपस में जोड़ने का , उनमें चेतना पैदा करने का प्रयास किया गया ।भ्रम के शिकार लोग दयनीय स्थिति को अपने भाग्य समझ कर ही लंबे समय तक सहते रहे ।सन् **1825** में शिक्षा का सेक्यूलर होना भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण घटना है । इसका क्षेय तत्कालीय मानवतावादी संतों व महात्माओं को जाता है ।शिक्षा के क्षेत्र में इस पहली कदम से ही भ्रम का टूटना भी प्रारंभ हुआ ।सन् **1919** का प्रथम भारत अधिनियम , सन् **1935** का द्वितीय भारत अधिनियम के

बाद भारत का आजाद होना व **26** जनवरी **1950** को देश का अपना संविधान का लागू होना ।सभी भारतीय नागरिकों को मूलभूत अधिकार , जिसमें सर्व शिक्षा को प्राथमिकता प्रदान करना , निश्चित रूप से सदियों से हर तरह के साधन से वंचित लोंगों के लिये अवसरों की सौगात मिलना शुरू हुआ ।संविधान के लागू होने से पिछले वर्षो में सदियों से अभागे समाज को काफी कुछ हासील हुआ है ।हालाकि आज भी देश में आर्थिक व सामाजिक गैर बराबरी को दूर करने की चुनौती को ध्यान में रखना होगा , जो हमारे देश के संविधान बनाने वालों की देश हित में प्रमुख सलाह रही है ।

सदियों से हर प्रकार के साधन से वंचित लोगों को भ्रम से पहले भी काफी कुछ नुकसान हो चुका है ।कोशिष करें कि भ्रम की स्थिति ही पैदा न हों ।वर्तमान परिवेश में विकासशील व अविकसित समाज के पढ़ा लिखा वर्ग का विशेष दायित्व हो जाता है कि समाज में किसी भी प्रकार के भ्रम को रोकें । पढ़ा लिखा वर्ग की ओर समाज का ध्यान केन्द्रित होता है । पढ़ा लिखा वर्ग , विशेष कर जो सामाजिक गति विधियों से निरंतर जुड़ा होता है , इनका हर प्रकार की गतिविधियों का समाज पर प्रभाव निश्चित रूप से पड़ता है ।ऐसे लोगों को अपनी कदम फूंक फूंक कर रखना होगा , कहीं इनके किसी कदम से समाज में भ्रम की स्थिति पैदा न हों ।भ्रम की स्थिति पैदा होने से अविश्वास की भावना पैदा होना स्वाभाविक है ।अविश्वास को दूर करना टेढ़ी खीर हो जाती है ।भ्रम से उपजी चुनौतियों को दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी बन जाती है ।इतना तो जरूर है कि सीधी वार्तालाप से भ्रम की स्थिति में कमी आती है , अतएव भ्रम को दूर करने के लिये इस कारगार तकनीक का अवश्य उपयोग करें ।

इस अवसर पर श्री विशाल दास बंधे जी का स्वागत श्री मोहन लाल भतरिया जी ने चंदन का टीका लगा कर किया । गुरू प्रसाद श्री आर सी देशलहरा जी के परिवार की ओर से आयोजित की गई। इसी कड़ी में " अगला टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम " गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** भिलाई मे **494** वीं गुरू वंदना के अवसर पर दिनॉक **22** जुलाई **2013** शाम **6.30** बजे संपन्न होगा , जिसमें समस्त आम जन आमंत्रित हैं ।

(एफ आर जनार्दन)

ब्यूरों चिफ संयोजक

प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक– **09 07 2013**

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** में **492** वें गुरू वंदना के अवसर पर

"टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम संपन्न" TIPS Of THE FIELD PROGRAMME HELD

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई में 1 जुलाई 492 वें गुरू वंदना के अवसर पर कु तोशिबा चंदवानी , स्कूली छात्रा ने " समय के पालन से जुड़ी भावनायें " विषय पर अपने अनुभव के टिप्स प्रदान किये ।उन्होंने बताया कि "समय अनमोल है" इसे कोई भी नकार नहीं सकता ।हर किसी का जीवन , जनम् व मरन् के बीच होता है , जो खुद के अधीन नहीं होता ।इसीलिये समय का महत्व को हर चिंतनशील व्यक्ति समझ सकता है ।अनजाने व चिंतन के अभाव में व्यक्ति समय का सदुपयोग न कर दुरूपयोग कर डालता है ।समय आने पर अपनी गलती का एहसास जरूर होता है ।इसीलिये "रिबफ एंड रिफार्म " (धक्का खाने के बाद अपने आप में परिवर्तन आना) प्रत्येक के जिंदगी का अंग होता है ।समय का पालन प्रत्येक मानव के लिये किसी न किसी रूप में भावनात्मक पहलू है ।व्यक्तिगत जीवन के अलावा अन्य क्षेत्रों चाहे सामाजिक हो , राजनीतिक हो ,अर्थ संबंधी हो , सरकारी अथवा प्राइवेट कोई भी योजना

हो समय अवधि को ध्यान में रख कर अनेक माइल स्टोन निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ा जाता है ।ये अलग बात है कि उपलब्ध साधन , कमजोरियों , प्राप्त अवसर के साथ ही संभावित चुनौतियों का भी माईल स्टोन व लक्ष्य निर्धारण में अहम भूमिका होती हैं ।अक्सर लोग अपनी कमजोरियों व संभावित चुनौतियों का अनुमान नहीं लगा पाते और बाद में धोखा खा जाते हैं ।लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर निराशा हाथ लगती है ।बार बार लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने से आत्म विश्वास टूट जाता है और जिंदगी से निराश हो जाता है ।पुनः विश्वास जुटाना कठिन सा हो जाता है ।

वर्तमान में ग्राहक संतुष्ठि (Customer Satisfaction) का विशेष ध्यान हर जगह रखा जाता है ,चाहे वह सरकारी प्रतिष्ठान हो अथवा गैर सरकारी प्रतिष्ठान ही क्यों न हो ।आज शायद ही कोई क्षेत्र है , जहाँ किसी का एक मात्र एकाधिकार हो ।हर क्षेत्र में स्पर्धा व्याप्त है ।ऐसे में ग्राहक संतुष्ठि(Customer Satisfaction) का महत्व आगे भी कम नहीं होगा ।गुणात्मक सामाग्री अथवा सेवा के साथ ही डिलेव्हरी समय अवधि का विशेष महत्व होता है ।देखा गया है कि ग्राहक व्यक्तिगत रूप से सेवा प्रदान कर्ता के द्वारा निधारित डिलेव्हरी समय निर्धारण व कार्यानवयन का बहुत असर पड़ता है ।डिलेव्हरी समान प्राप्ति के लिये व्यक्ति का भावनात्मक लगाव होता है ।निधारित समय पर डिलेव्हरी होने से ग्राहक का सेवा प्रदान करने वाले के प्रति लगाव बढ़ जाता है और भविष्य में भी ग्राहक तो बना ही रहेगा अपितु दूसरों को भी ग्राहक बनने के लिये प्रेरित निश्चित रूप से करेगा । ठीक इसके विपरीत अगर निधारित समय में सेवा नहीं मिलने से ,

भगनात्मक लगाव होने से सर्विस प्रदान करने के प्रति अलगाव पैदा होने लगता है।सामाग्री अथवा सेवा में सब –स्टेण्डर्ड व डिलेव्हरी में बार बार वादाखिलाफी को कोई भी ग्राहक बर्दास्त नहीं कर पाता ।

देखा जाय तो प्रत्येक व्यक्ति परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से समयानुसार व्यापारी व ग्राहक दोनों की ही भूमिका अदा करता है ।प्रत्येक व्यक्ति को व्यापारी की उत्तरदायित्व तथा ग्राहक की जरूरत व चाहत से जुड़ी भावनाओं को समझने की जरूरत है ।सफल व्यापारी (चाहे किसी भी क्षेत्र में हो) , वही हो सकता है जो ग्राहक की जरूरत व चाहत को आसानी से समझ सके ।आज किसी भी व्यापार में एकाधिकार की स्थिति बदल गई है , बल्कि प्रतियोगिता का जमाना आ गया है ।विश्वीकरण से हर क्षेत्र में प्रतियोगिता की भावना बढ़ती ही जा रही है ।इलेक्ट्रानिक्स एवं प्रिंट मिडिया ने ग्राहकों के सामने एक नहीं बल्कि अनेकों विकल्प को जन्म दिया है ।ये अलग बात है कि कन्फ्यूजन की स्थिति बन जाती है । ऐसी स्थिति में जानकारियॉ विशेष कर लोगों की तत् संबंध में व्यवहारिक अनुभव से बहुत कुछ सीखा व समझा जा सकता है ।अतएव नियमित व संयमित आपसी संपर्क एवं सहयोग से ही किसी भी विषय में , क्षेत्र में विकल्प व कन्फ्यूजन की स्थिति का स्पष्टीकरण आसान हो सकता है ।समय का अभाव व ब्यस्तता की स्थिति ही समय की आप्टिमम उपयोगिता को रेखांकित करता है और समय के पालन से जुड़ी भावनाओं को समझने की सार्थकता सिद्ध करता है ।

इस अवसर पर कु तोशिवा चंदवानी जी का स्वागत कु श्रद्धा बंधु जी ने चंदन का टीका लगा कर किया । गुरू प्रसाद श्री मती संतरा देशलहरा जी के परिवार की ओर से आयोजित की गई।स्व श्री धनी राम खुंटे जी , सेवा निवृत सिनियर परसनल आफिसर (एन टी पी सी) ,ग्राम दर्राभांठा , जिला जांजगीर चांपा के आकश्मिक निधन (जन्म तिथि **1** अगस्त **1944** एवं निधन **3** जुलाई **2013**) पर गुरू वंदना परिवार की ओर से श्रद्धॉजली प्रदान की गई ।इसी कड़ी में " अगला टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम " गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** भिलाई मे **493** वीं गुरू वंदना के अवसर पर दिनॉक **15** जुलाई **2013** शाम **6.30** बजे संपन्न होगा , जिसमें समस्त आम जन आमंत्रित हैं ।

(एफ आर जनार्दन)

ब्यूरों चिफ

संयोजक

प्रेस विज्ञप्ति

दिनॉक– **02 07 2013**

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** में **491** वें गुरू वंदना के अवसर पर

"टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम संपन्न" TIPS Of THE FIELD PROGRAMME HELD

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई में 1 जुलाई 491 वें गुरू वंदना के अवसर पर श्री द्वारिका प्रसाद गायकवाड़ जी , एल आई सी अभिकर्ता ने " गुड़ की ओर चिटियाँ " विषय पर अपने अनुभव के टिप्स प्रदान किये । उन्होंने बताया कि गुड़ व चिटियों के रिस्ते किसी से छिपी नहीं है । जहाँ जहाँ भी गुड़ होंगे , चिटियाँ अवश्य झुण्ड के झुण्ड पधारेंगे । अगर गहराई से विश्लेषण किया जाय तो बहुत सारी तथ्यों की जानकारियाँ मिलती है । जहाँ तक चिटियों का सवाल है । इनके संबंध में निरंतर शोध चल रही है । अन्य इनसेक्ट से ये अलग ही विशेष गुण धर्म रखते हैं । चिटियों को कभी कभी सुपर आरगेनिसम कहा जाता है , क्यों कि ये झुण्ड में एक साथ एक हो कर काम करते दिखते हैं । चिटियाँ पूरे संसार के मिट्टियों में पाये जाते हैं । ये एनिमल बायोमास के लगभग 15 प्रतिसत हैं तथा संसार के मानव

वजन से कहीं ज्यादा चिटियों की वजन है । सन् 2006 में ये 11880 एन्ट स्पेसिस रिकार्ड किया गया था । चिटियों के आकार व व्यवहार के आधार पर ः आर्मी एन्ट्स , फायर एन्ट्स , फरोह एन्ट्स , क्रेजी एन्ट्स , विव्हर एन्ट्स , स्लेव मेकर एन्ट्स , जेक जंपर एन्ट्स , बुलेट एन्ट्स , कारपेंटर एन्ट्स , लिटिल ब्लेक एन्ट्स , हनी पाट एन्ट्स , यलो कितरोनेला एन्ट्स , बिग हेड एन्ट्स , लिफ कटर एन्ट्स , बुल डाग एन्ट्स , ग्लाईडंग एन्ट्स आदि विभक्तिकरण किये गये हैं ।

बहुतायत चिटियाँ घरों में , घोसला आदि में घरों के बाहर पाये जाते हैं । भोजन व पानी की तलास में घरों में ये प्रवेश करते हैं । अधिकतर चिटियाँ वर्कर , पंखहीन मादा के प्रकार होते हैं , जो भोजन की तलाश में रहते हैं और अपने कालोनी को व्यवस्थित करते हैं । उनकी खाने व पानी को हटाने से चिटियाँ कम हो जाती हैं । स्लो एक्टिंग इनसेक्टीसाइड से भी चिटियों मे कमी होती है । चिटियाँ सामाजिक इनसेक्ट्स होती हैं , जो आपस में कालोनियाँ बनाकर रहती हैं ।

अगर चिटियों के झुंड को देखना है तो उनकी पसंद के भोजन की व्यस्था करनी होती है । अक्सर देखा जाता है कि गुड़ चिटियों के पसंद की भोजन होते हैं , यही कारण है कि जहाँ भी गुड़ होता है बड़ी जल्दी ही चिटियों का आगमन कतार बद्ध हो कर हो जाता है । साथ ही भोजन को अपने कालोनी में ले जाने का काम भी बड़ी ही व्यवस्थित रूप से टीम भावना के साथ देखी जा सकती है । बगैर कतार तोड़े अनवरत , अनुशासन प्रदर्शित होता है । एन्ट थ्योरी बड़ी ही प्रसिद्ध व प्रचलित प्रक्रिया है जिसे छोटे से बड़े इंडस्ट्रीयल संस्थानों में एच आर डी में उदाहरण के बतौर बताया व सिखाया जाता है ।

अन्य विभिन्न संस्थानों विशेष कर सामाजिक संस्थानों में "गुड़ की ओर चिटियॉ " की प्रक्रिया से सीख व सबक लिया जा सकता है ।आज पूरे विश्व और ख़ास कर भारतीय सामाजिक परिवेश में अनेकों सामाजिक संस्थान कार्यरत हैं ।अपनी अपनी जरूरत व चाहत के हिसाब से अपने अपने समूह को व्यवस्थित व संगठित करने में लगे हैं ।विभिन्न संतों , महात्माओं व महापुरूषों के विचार व मार्ग दर्शन ही अक्सर समाज व समूह को जोड़ने का माध्यम बनता है ।विभिन्न जगहों पर केन्द्र बिन्दुओं का जाल बिछा कर , आपस में संपर्क व सहयोग की भावना के साथ संतों के मानवतावादी विचारधारा को सामने रख कर आकर्षण का केन्द्र बनाने से ही लोगों का रूझान पैदा किया जा सकता है ।एन्ट थ्योरी को ध्यान में रख कर , चिटियों के लगन व अनुशासन से प्रेरणा ले कर सामाजिक कार्यकर्ता अपने समाज को जोड़ने में कामयाब निश्चित रूप से हो सकता है ।जिस तरह चिटियॉ असफल होने के बाद भी अपना प्रयास जारी रखते हैं , ठीक उसी तरह हम भी असफल होने से कभी भी हिम्मत न हारें बल्कि अपने लक्ष्य प्रति सजग रहें ।समाज के बच्चे से बुजूर्ग तक के हर वर्ग की भागीदारी सामाजिक कार्य में सनिश्चित होने से ही अपनापन की भावना पैदा होगा तथा टीम वर्क की संस्कृति का निर्माण होगा ।आइये हम "गुड़ की ओर चिटियॉ "की प्रक्रिया से सीख व सबक लेते हुये अपनी लक्ष्य को सफल बनायें ।

इस अवसर पर श्री द्वारिका प्रसाद गायकवाड़ जी का स्वागत श्री अर्जुन सिंह मनहर जी ने चंदन का टीका लगा कर किया । गुरू प्रसाद श्री पूरन दास बंजारे जी के परिवार की ओर से आयोजित की गई।नई दिल्ली से पधारे श्री सुचानंद बजाज जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।उत्तरांचल में प्राकृतिक आपदा में दुर्घटना के शिकार लोगों को गुरू वंदना परिवार की ओर से श्रद्धॉजली प्रदान की गई ।इसी कड़ी में " अगला टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम " गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** भिलाई मे **492** वीं गुरू वंदना के अवसर पर दिनॉक **8** जुलाई **2013** शाम **6. 30** बजे संपन्न होगा , जिसमें समस्त आम जन आमंत्रित हैं ।

(एफ आर जनार्दन)

ब्यूरों चिफ संयोजक

प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक– **25 06 2013**

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** में **490** वें गुरू वंदना के अवसर पर

"टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम संपन्न" TIPS Of THE FIELD PROGRAMME HELD

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई में 17 जून 2013 को 489 वें गुरू वंदना के अवसर पर श्री टिकेश बांधे जी , सिनियर टी सी कुम्हारी ने " लहर की दशा व दिशा का प्रभाव " विषय पर अपने अनुभव के टिप्स प्रदान किये । उन्होंने बताया कि लहर बड़ी ही आम भाषा का शब्द है । लहर आमतौर से तरल व विशेष कर जल से जुड़ा विधा है । इसके अलावा अगर लहर का विश्लेषण किया जाय तो पता चलता है कि लहर सर्व ब्यापी है । जहॉ भी या जहॉ की भी बात करें लहर का कोई न कोई रूप मिल जायेगा । अंडर करेंट की चर्चा व महत्व को कोई भी इंकार नहीं कर सकता । प्रत्येक विषय विशेष का अंडर करेंट सदैव चलते रहता है । समय के साथ अंडर करेंट की तीव्रता घटते या फिर बढ़ते रहता है ।

प्रकृति के नियम के अनुसार ही लहर की दशा व दिशा तय होती है । नदी नाले व समुद्र में पानी की लहर की दशा व दिशा स्पष्ट होती है । प्रकृति के नियम के आधार पर एक नहीं अनेकों सूत्र उपलब्ध हैं जो लहर की दशा व दिशा को आसानी से प्रदर्शित करता है । प्रकृति के नियम के साथ छेड़छाड़ करने से अक्सर विकट स्थिति पैदा हो जाती है , जिसका भुगतान स्वयं मनुष्य को ही करना पड़ता है । गर्मी , बरसात व जाड़ा में प्रकृति का अपना विशिष्ठ गुण व धर्म है , जिसकी जानकारियॉ निश्चित रूप से होनी चाहिये । तद् अनुरूप ही मानव का अपना गुण व धर्म का पालन होने से ही प्रकृति का संतुलन बना होता है । ओव्हर स्मार्ट बनने से ही समास्यायें सामने आती हैं । प्रकृति से छेड़छाड़ करने व उसके परिणाम भुगतने के एक नहीं अनेकों उदाहरण हर पल हर जगह देखने को मिलता है ।

किसी भी प्रकार की विचारधारा की लहर का प्रचारित व प्रसारित होना मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण जगत को प्रभावित करता है । विचारधारा तो अनेकों प्रकार के हैं , लेकिन ये सारी की सारी विचारधारायें मूल तह दो प्रमुख विचारधारा के आसपास होते हैं ः 1 प्राकृतिक विचारधारा – जो प्रकृति के नियमों के अनुरूप होते हैं । 2 अप्राकृतिक विचारधारा – जो प्रकृति के नियमों के विरूद्ध होते हैं । मानव के मध्य समता , स्वतंत्रता , बंधुत्व व न्याय का होना प्रकृति के नियमों के अनुरूप होता है क्योंकि प्रकृति किसी भी मानव अथवा जीव जन्तुओं के साथ किसी भी

प्रकार का भेदभाव नहीं करता ।ठीक इसके विपरीत मानव मानव के बीच भेदभाव , घृणा , जातिवाद , रूढ़ीवाद , अंधविश्वास आदि विचारधारा को बढ़ावा देने वाले विचार व कार्य को निश्चित रूप से अप्राकृतिक विचारधारा की श्रेणी में लाया जा सकता है ।मानव के मस्तिस्क में सदैव सृजनात्मक व विधवंसक विचार आते रहते हैं ।अपने निहित स्वार्थ के चक्कर में मनुष्य अप्राकृतिक बातों को प्रसय देना शुरू करता है , शनैः शनैः लहर बनती जाती है ।निस्वार्थ व मानवतावाद के पोषक लोग भी अपनी मानवीय प्राकृतिक विचारधारा को प्रचारित व प्रसारित करने में लगे रहते हैं ।इतिहास गवाह है कि इन दोनों ही प्रकार के विचारधाराओं में एक दूसरे को पीछे छोड़ने की होड़ सी लगी रहती है ।सामर्थ्य व उपलब्ध अवसर पर निर्भर करता है कि किस विशेष विचारधारा को बढ़ावा देने के लिये , कब और कैसे उपलब्ध होते हैं ।हमारे देश भारत वर्ष का इतिहास में इन दोनों विचारधाराओं के लहर में अत्यधिक बदलाव आते रहा है ।एक जमाने में सोने की चिड़िया कहलाने वाले देश को न जाने किन किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा है ।इस देश की सामाजिक आर्थिक परिस्थितियॉ कैसी बदलती रहीं , उस तस्वीर का अंदाजा आज की परिस्थिति में लगाया जा सकता है ।अप्राकृतिक / अमानवीय विचारधारा के वजह से ही इस देश के मूल निवासियों को शिक्षा के लिये तरसना पड़ा , जानवरों -कुत्ते बिल्ली से भी बदतर जिंदगी जीने पर मजबूर होना पड़ा ।आज भी हमारे देश में अप्राकृतिक विचारधाराओं की लहर इतनी तेज है कि आम जन न चाह कर भी उसमें फंसते जा रहे हैं ।भ्रम व भय , भाग्य व भगवान की आड़ में आम जनों के भावनाओं से खेला जा रहा है ।बड़ी मेहनत कर के स्वतंत्र भारत का अपना संविधान बना ।संविधान के माध्यम से प्रस्तावना से ले कर प्रत्येक अनुच्छेद में मानवता को ब्हाल करने की कोशिष की गई है ।संविधानिक प्रावधानों का व्यवहार में न आ पाना एक चिंतनीय विषय है ।आज देश में प्रजातंत्र को बहाल करने के प्रमुख चार स्तंभों ः न्याय पालिका , कार्यपालिका , विधायिका व मिडिया के जिम्मेदारों को पुनः चिंतन करने की नितांत आवश्यकता है ।निश्चित रूप से प्राकृतिक मानवतावाद की लहर चलेगी , जिसमें शांति , प्रेम व भाईचारा का वातावरण निर्मित होगा ।

इस अवसर पर श्री टिकेश बांधे जी का स्वागत श्री पी एल भारती ने चंदन का टीका लगा कर किया । गुरू प्रसाद कु लीना जोशी जी व श्री धेन्श राम पुरेना जी के परिवार की ओर से आयोजित की गई।इसी कड़ी में " अगला टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम " गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई मे 491 वीं गुरू वंदना के अवसर पर दिनॉक 1 जुलाई 2013 शाम 6.30 बजे संपन्न होगा , जिसमें समस्त आम जन आमंत्रित हैं ।

(एफ आर जनार्दन)

व्यूरों चिफ संयोजक

प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक– 18 06 2013

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर 6 में 489 वें गुरू वंदना के अवसर पर

"टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम संपन्न"

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई में 17 जून 2013 को 489 वें गुरू वंदना के अवसर पर श्री अविनाश कुमार बंजारे जी, इंजिनियरिंग के विद्यार्थी ने " समाचार एवं समाचार पत्र " विषय पर अपने अनुभव के टिप्स प्रदान किये ।उन्होंने बताया कि समाचार आमतौर से उसी को कहा व समझा जाता है , जो आज के अखबारों व इलेक्ट्रानिक्स मीडिया के द्वारा प्रचारित व प्रसारित किया जाता है ।आज 188 देशों में लगभग 5 बिलियन व्यक्ति निवास करते हैं और हजारों घटनाएं हर पल घटती रहती हैं, जो समाचार के हिस्से बनते रहते हैं। स्थानीय समाचार, क्षेत्रीय समाचार, प्रादेशिक समाचार, राष्ट्रीय समाचार और अंर्तराष्ट्रीय समाचार, दुनियाँ में हर पल घटित घटनाएं ही उनके आकार व प्रकार व न्यूज एजेन्सियों के संचालकों के नीति व नीयत पर आधारित होता है। हर पल,

हर जगह घटनायें तो अनेकों होती हैं, कब व कितना अखबार में छापना है यह तो विभिन्न स्तरों पर आसीन संवाददाता के अलावा पत्र पत्रिकाओं के ब्यूरो चिफ के नीति व नीयत के अलावा उनकी जरूरत व चाहत पर भी निर्भर करता है। यही कारण है कि एक ही घटना को विभिन्न पत्र पत्रिकायें अपनी अपनी तरह से प्राथमिकता देते हैं। अतएव कहा जा सकता है कि घटनायें जो समाचार बनती हैं, उसमें संवाददाता व ब्यूरो चिफ की नीति व नियत के साथ ही उनकी जरूरत व चाहत की भी अहम भूमिका होती है ।

यह प्रकृति का नियम है कि घटना घटने की प्रक्रिया तो सृष्टि के सृजन से ही शुरूवात हो चुकी है। अतः घटना अर्थात समाचार की प्रक्रिया तो सदियों पुरानी है। समाचार पत्र के लिये निश्चित रूप से काफी अर्सा लगा है। मिडिया और समाचार प्रकाशन हाल के वैज्ञानिक युग का देन है। समाचार पत्र के इतिहास मानव अनुभव का ड्रामेटिक चेप्टर सा है। यूरोप में सर्व प्रथम हस्त लिखित न्यूज लेटर व्यापारियों के मध्य शुरूवात हुआ। 1400 ईस्वी के आसपास जर्मनी में सर्वप्रथम समाचार प्रिंट हुआ। सत्रहवीं सदी में समाचार पत्रों की प्रक्रिया तेजी आयी। औद्योगिकरण क्रान्ति से समाचार पत्र काफी प्रभावित हुये। सन् 1880 में 11314 विभिन्न समाचार पत्रों का रिकार्ड किया गया। सन् 1910 तक आधुनिक समाचार पत्र के सभी आवश्यक प्रारूप या फिचर्स का समावेश हो पाया। जहाँ तक हमारा देश भारतवर्ष का सवाल है । आर एन आई (रजिस्टार ऑफ न्यूस पेपर्स फॉर इंडिया) के अनुसार वर्तमान में भारत में करीबन 82237 रजिस्टर्ड न्यूस पेपर्स है। सन् 2010-11 में ही 4853 न्यूज पेपर्स का रजिस्ट्रेसन हुआ। आज 329204841

से अधिक छोटे बड़े समाचार पत्रों की कापियॉं पूरे देश में खपत हो रही है। भारत में समाचार पत्रों की दौड़ में हिन्दी सबसे आगे चल रही है। उसके बाद क्रमशः इंगलिश, उर्दू, गुजराती, तेलगू, मराठी, बंगाली, तमील, उड़िया , कन्नड़ , मलयालम आदि भाषा के समाचार पत्र आते हैं। हिन्दी राष्ट्रीय भाषा है, इस हिसाब से भी हिन्दी समाचार पत्र को सबसे आगे होना चाहिये । आज पूरे देश को हिन्दी भाषा के आधार पर "क","ख" व "ग" क्षेत्र निर्धारित कर हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार तेजी से जारी है ।

न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका के बाद मिडिया याने कि समाचार पत्र प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। इसमे कोई दो मत नहीं है कि चौथा स्तंभ ही अन्य तीनों स्तंभ को भी प्रभावित करता है। समाचार पत्र की भूमिका तब से अब तक अति महत्व पूर्ण रही है। संविधान के निर्माताओं ने **26** जनवरी **1950** को देश का संविधान सौपते हुये स्पष्ट रूप से अपने विचार रखे थे ः **" 26** जनवरी **1950** को हम विरोधाभास की जिंदगी में प्रवेश कर रहे हैं – राजनीतिक दृष्टि से एक आदमी का एक वोट के हिसाब से समानता है लेकिन आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से गैर बराबरी बनी रहेगी । प्रजातंत्र को संचालित करने वालों की जिम्मेदारी बन जाती है कि आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में व्याप्त गैर बराबरी को जितना जल्दी हो सके दूर कर लेनी चाहिये। अन्यथा मेहनत से राजनीतिक क्षेत्र में प्राप्त बराबरी भी खटाई में पड़ सकती है ।"आकड़ों से पता चलता है कि आर्थिक व सामाजिक गैर बराबरी कम न हो कर बढ़ती ही जा रही है । समाचार पत्र प्रजातंत्र के संचालन में चौथा स्तंभ होने के नाते आर्थिक व सामाजिक गैर बराबरी को दूर करने की दिशा में आवश्यक बदलाव की जरूरत है। वर्तमान समाचार पत्र मात्र **10**‰ पूंजीपतियों के हाथों का खिलौना बन कर रह गया है। शेष **90**‰ जनता की समस्या से उन्हे कोई लेना देना नहीं है। गरीबों के समाचार छपते भी हैं तो लूट खसोट बलात्कार की बाते ही ज्यादा छपती है वह भी लोकल समाचार बन कर रह जाती है। क्योंकि लूट खसोट शोषण व अन्याय अत्याचार करने वाले वही सामंती पूंजीपति वर्ग ही होते है। वहीं सामंती लोगों के साथ इस तरह की घटना को राष्ट्रीय समाचार बना दिया जाता है।अन्ना कूद पड़ते है इंडिया गेट में मशाल जुलुस निकल जाती है नये कानून बनाने की बात चलती है।

समाचारों का ब्लेक आउट व ब्लेक मेल न हो कर जनता की जरूरत व चाहत का ध्यान रखने से सबका हित संभव है। समाचार पत्र विशेष के प्रति आम जनों का रूझान में स्थायित्व आना आज की जरूरत जान पड़ता है। अगर सर्वे करें तो पता चलता है कि स्पष्ट व निःस्वार्थ समाचार पत्र की चाहत में ग्राहकों में निरंतर समाचार पत्र बदलने की प्रवृति देखी जा सकती है। विज्ञापन से अर्थ हासिल करने की होड़ से समाचार की महत्ता सेकेण्डरी होने लगी है, जिस पर पुनः चिंतन की आवश्यकता है। आशावादी माहौल ही

समाज, देश के साथ ही संपूर्ण मानव समाज में प्रेम व भाईचारा बना कर प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रेसित हो सकता है। आज के समय में समाचार पत्र पर ही आम जनता का नजर टीका हुआ है, वे आम जनता की समाचार छापे या न छापे फिर भी हमें उम्मीद है कि समाचार पत्र निरास नहीं होने देगी।

इस अवसर पर श्री अविनाश कुमार बंजारे जी श्री का स्वागत श्री राज कमल कुर्रे जी ने चंदन का टीका लगा कर किया। स्व विद्याचरण शुकला जी, जो **25** मई को सुकमा में नक्सली हमला में घायल हुये थे और जिनका देहावसन **14** जून **2013** को वेदांता हास्पीटल नई दिल्ली में हुआ था को गुरू वंदना परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजली दी गई। उन सभी लोगों को जिन्हे नक्सली हमले के नाम पर मौत का घाट उतार दिया गया था सबको श्रद्धांजली दी गयी खासकर कांगेस प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार पटेल पूर्व मंत्री व विपक्ष के नेता महेन्द्र कर्मा और छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री रमनसिंह जी के विरोध में चुनाव लड़ने वाले राजनांदगांव के पूर्व विधायक मुदलीयार के साथ अन्य सभी मारे गये लोगों को श्रद्धांजली भेंट की गयी और इस विभत्स घटना पर सरकारी तंत्र व शासन प्रशासन के साथ सत्ताधारी पक्ष की गैरजिम्मेदाराना कार्य के लिये निंदा प्रस्ताव् पारित किया गया। गुरू प्रसाद श्री मती लक्ष्मी बाई बंजारे जी के परिवार की ओर से आयोजित की गई।इसी कड़ी में " अगला टिप्स ऑफ दी फिल्ड कार्यक्रम " गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** भिलाई मे **490** वीं गुरू वंदना के अवसर पर दिनॉक **24** जून **2013** शाम **6.30** बजे संपन्न होगा , जिसमें समस्त आम जन आमंत्रित हैं ।

(एफ आर जनार्दन)

ब्यूरों चिफ संयोजक

प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक– **11 06 2013**

गुरू वंदना केन्द्र सतनाम भवन सेक्टर **6** में **488** वें गुरू वंदना के अवसर पर TIPS Of THE FIELD PROGRAMME HELD

